रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:24 | बुणरवार,24 सितम्बर



**ब्रीफ न्यूज**

## आज हेमंत सोरेन करेंगे कैबिनेट मीटिंग



एजेंसी

रांची:बुधवार को प्रोजेक्टभवन में हेमंत सोरेन कैबिनेट की मीटिंग होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से सूचित किया गयाहै कि मंत्रिपरिषद् की बैठक अपराह्न 3 बजे से होगी। बैठक में सभी विभागों के मंत्री शामिल होंगे। कैबिनेट की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है।

## राजकीय सम्मान के साथ जुबिन का अंतिम संस्कार

एजेंसी

आसाम : मंगलवार को गायक जुबिन गर्ग का गुवाहाटी के बाहरीइलाके कमरकुची वन क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गर्ग की बहन पाल्मे बोरठाकुर और संगीतकार राहुल गौतम ने तोपों की सलामी के बीच चिता को अग्नि दी। राहुल गौतम, जुबिन के शिष्य हैं। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान पुजारियों के मार्गदर्शन में गर्ग की बहन और उनके शिष्य ने चिता की सात बार परिक्रमा की और इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग खड़े हो गए और नम आंखों से उन्होंने अपने प्रियकलाकार को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

## अलीगढ़ में 4 दोस्तों समेत5 की जिंदा जलकर मौत

एजेंसी

यूपी : यूपी के अलीगढ़ मेंहाईवे पर चार दोस्त समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही सीएनजी कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कंटेनर से जाटकराई। राहगीरों ने एक कार सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कंटेनर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है। राहगीरों ने एक कार सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कंटेनर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची एसएसपी राकेश रंजन , सिटी एसपी पारस राणा और ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह औपचारिक मुलाकात की।

## महान विभूति स्व. बिनोद बिहारी महतो का जीवन संघर्षमय रहा : राज्यपाल

- महान विभूति स्व . बिनोद बिहारी महतो का जीवन संघर्षमय रहा – राज्यपालमहान विभूति स्व . बिनोद बिहारी महतो का जीवन संघर्षमय रहा – राज्यपाल,चास रामडीह मोड़ बिन

संवाददाता। रांची



रांचीः बोकारो, माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखण्ड आंदोलन के महानायक एवं समाज सुधारक स्व० बिनोद बिहारी महतो जी की जयंती पर बिनोद बिहारी महतो विस्थापित स्टेडियम, रामडीह मोड़, चंदनकियारी रोड, बोकारो में आयोजित 'पुष्पांजलि सभा' में कहा कि बिनोद बिहारी महतो जी का जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा की अद्वितीय गाथा है। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए जीवनपर्यन्त कार्य किया तथा वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को आवाज देने का कार्य किया। राज्यपाल महोदय ने कहा कि स्व० महतो जी ने शिक्षा को समाज की असली शक्ति माना और युवाओं को ह्लपढ़ो और लड़ोह्व का प्रेरक संदेश दिया। यही कारण है कि उनकी विचारधारा आज भी युवा पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक है। राज्यपाल महोदय ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य में उनके नाम पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय स्थापित है, जहाँ हाल ही में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। राज्यपाल महोदय ने कहा कि वे 1989 में लोकसभा पहुँचे और उसके बाद लगातार बरेली से आठ बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। 1991 में बिनोद बिहारी महतो जी हमारे साथी के रूप में लोकसभा में रहे। जब पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व वाली सरकार में झारखण्ड राज्य का सृजन हुआ तो उस समय भी वे लोकसभा के सदस्य थे।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल ने राज्यवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ भी दीं और कहा कि यह पर्व सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि आज देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

### जमीन घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

# रांची व दिल्ली के 9 स्थानों पर ताबड़तोड़ रेड

### राजधानी के कांके रिसॉर्ट, रातू रोड, अशोक नगर व कडरू में दी दबिश, खंगाले गए कई दस्तावेज

संवाददाता

रांची:ंगलवार को एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने जमीन घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर बड़ी कार्रवाई की। अधिकारियों ने कमलेश कुमार सिंह से जुड़े जमीन घोटाले में रांची और दिल्ली के कुल नौ ठिकानों पर रेड मारी। रांची में टीम ने कांके स्थित कांके रिसॉर्ट, कडरू, अशोक नगर और सुखदेव नगर इलाके में एक साथ छापेमारी की। सुबह-सुबह कई वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने संबंधित परिसरों को घेरकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग मौके पर हो रही गतिविधियों को देखते रहे, वहीं अधिकारियों ने रिसॉर्ट और अन्य ठिकानों से जमीन से जुड़े कागजात खंगाले। छापेमारी के दौरान विभिन्न ठिकानों से कुल 25 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। इसके अलावा बैंक खाता, जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए। इससे पहले कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य के खिलाफ ईडी आरोपपत्र दाखिल कर चुका है। ईडी ने जांच के दौरान जमीन कारोबारियों द्वारा कांके अंचल के अधिकारियों के साथ साजिश रचकर जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी करने के दूसरे चरण में यह छापा मारा है डि ने छापामारी के दायरे में कांके रिसॉर्ट के बीके सिंह, दुर्गा डेवलपर्स और बीके सिंह से जुड़े लोगों के ठिकानों को शामिल किया। कांके में सरकारी अधिकारियों से मिलकर जमीन की हेराफेरी के मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान ही कांके रिसॉर्ट के बीके सिंह को जमीन के इस कारोबार के गिरोह के सरगना के रूप में चिह्नित किया गया था। जमीन कारोबार में आरोपी कमलेश कुमार सिंह व अन्य को बीके सिंह के सहयोगी के रूप में चिह्नित किया गया था। मामले में पहले से आरोपी कमलेश कुमार सिंहके घर पर छापामारी के दौरान एक करोड़ रुपये नकद और राइफल की गोलियां जब्त की गई थीं। ईडी ने छापेमारी के दौरान दुर्गा डेवलपर्स को भी शामिल किया है। इसका व्यापारिक संबंध बीके सिंह और कमलेश से हैं।



**अधिकारियों से मिलकर खरीद-बिक्री में हेराफेरी**

### विभिन्न ठिकानों से जब्त किए गए 25 लाख रुपये नकद, अचानक हुई कार्रवाई से मच गई अफरा-तफरी

- बैंक खाता, जमीन की खरीद बिक्री से संबंधित डिजिटल डिवाइस भी किए गए सीज
- कांके रिसॉर्ट के बीके सिंह, उनसे जुड़े लोगों व दुर्गा डेवलपर्स के ठिकानों की ली गई तलाशी
- कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य के खिलाफ ईडी दायरकर चुकी है चार्जशीट
- बीके सिंह को जमीन कारोबार के गिरोह के सरगना के रूप में किया गया था चिह्नित

### रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के हाहाप गांव की घटना

## जमीन विवाद में बुजुर्ग की पीट पीटकर हत्या, दो आरोपी अरेस्ट



संवाददाता

रांची स्थित नामकुम थाना क्षेत्र के हाहाप गांव में सोमवार की देर रात जमीन विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी मंगल मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंगल मुंडा और गांव के ही कुछ लोगों केबीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार की रात दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि कुछ लोगों ने लाठी से मंगल मुंडा पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मंगल मुंडा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया औरआगे की जांच में जुट गई।

नामकुम थाना क्षेत्र के हाहाप गांव में सोमवार की देर रात जमीन विवाद में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान स्थानीय निवासी मंगल मुंडा के रूप में हुई है. पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार, मंगल मुंडा और गांव के ही कुछ लोगों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था. सोमवार की रात दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हुआ. बात इतनी बढ़ गई कि कुछ लोगों ने लाठी से मंगल मुंडा पर हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल मंगल मुंडा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया,

### कहर : हवाई, रेल व सड़क परिवहन प्रभावित, शैक्षणिक संस्थान बंद

## कोलकाता में 1986 के बाद हुई सबसे भारी बारिश, करंट लगने से आठ लोगों की गई जान

एजेंसी

कोलकाता :कोलकाता में मूसलाधार बारिश के कारण बिजली का करंट लगने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। लगभग चार दशक के बाद हुई इतनी भारी बारिश के कारण हवाई, रेल और सड़क परिवहन को प्रभावित हुआ है, शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं और राज्य सरकार को दो दिन पहले ही पूजा की छुट्टियां घोषित करने पर मजबूर होना पड़ा है। चौबीस घंटे से भी कम समय में हुई 251.4मिलीमीटर बारिश 1986 के बादसबसे अधिक बारिश है। उस साल 259.5 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इसके अलावा यह बीते 137 साल में एक दिन में छठी सबसे अधिक बारिश है। साल 1888 में 253 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बारिश के कारण मुख्य सड़कों की हालत नदियों जैसी हो गई। मेट्रो और ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं और हवाई यात्रा भी प्रभावित हुई है।



## जेल से निकलते ही दहाड़े आजम खान! बसपा पर बोले- जो अटकलें लगा रहे वही बताएं

एजेंसी

नई दिल्लीःसमाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता, आजम खान, लगभग दो साल जेल मेंबिताने के बाद, मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 को सीतापुर जेल से बाहर आ गए। जेल से बाहर आते ही, खान ने अपने समर्थकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और एएनआई से कहा कि सभी का धन्यवाद। मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को मेरा आशीर्वाद। क्वालिटी बार भूमि अतिक्रमण मामले में आजम खान जेल में बंद थे और इस साल मई मेंइलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद रिहा हुए थे।बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल होने की अफवाहों पर, खान ने कहा, ₹यह केवल वही लोग बता सकते हैं जो अटकलें लगा रहे हैं... मैं जेल में किसी से नहीं मिला। मुझे फोन करने की इजाजत नहीं थी... इसलिए, मैं 5 साल से पूरी तरह से संपर्क से बाहर हूँ।₹ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने खान की रिहाई की सराहना की और वादा किया कि अगर सपा उत्तर प्रदेश में सत्ता में लौटती है तो उनके खिलाफ सभी झूठे मामले वापस ले लिए जाएँगे।इससे पहले, आजम खान की अगवानी करने आए सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने उत्तरप्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उनके सहयोगी और पूर्व लोकसभा सांसद आजम खान को झूठे मामलों में फंसाया गया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए, यादव ने सीतापुर जेल में बंद आजम खान को जमानत देने के अदालत के फैसले का स्वागत किया। जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रहे यादव ने कहा कि आजम खान को सरकार ने झूठे मामलों में फंसाया था। हालाँकि, अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है और उन्हें मामलों में राहत प्रदान की है। मैंइस फैसले का स्वागत करता हूं।मैंसर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय का स्वागत करता हूँ। उनके खिलाफ कई झूठे मामले दर्ज किए गए थे। समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है।इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान को क्वालिटी बार भूमि मामले में जमानत दे दी थी। एएनआई से बात करते हुए, आजम खान के वकील मोहम्मद खालिद ने कहा कि इस जमानत केसाथ, उन पर जेल मेंरखने वाला कोई भी लंबित मामला नहीं है, जिससे पता चलता है कि उनके जल्द ही रिहा होने की संभावना है।



**न्यूज स्टडी**

### पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दूबे ने फलक फातिमा को दी हार्दिक बधाई

## राष्ट्रपति अवार्डी,रांची विश्वविद्यालय की छात्रा व पासवा की प्रदेश महासचिव सुश्री फलक फातिमा को मिला दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार

संवाददाता। रांची

- आलोक दूबे ने कहा फलक फातिमा की सफलता पूरे प्रदेश का मान बढ़ाने वाली
- समाज के उत्थान और युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं फलक फातिमा
- विश्व स्तरीय उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित हुईं पासवा महासचिव फलक फातिमा




रांची:राँची। राष्ट्रीय एकीकृत कलाकार एवं कार्यकर्ता मंच (निफा) द्वारा आयोजित भव्य समारोह में राँची विश्वविद्यालय की छात्रा एवं पासवा की महासचिव फलक फातिमा को विश्व स्तरीय उत्कृष्टता सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में निरंतर सकारात्मक बदलाव लाने, सामुदायिक उत्थान में योगदान देने और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाली उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया। इसके पूर्व 2022 में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों भी फलक फातिमा पुरस्कृत हो चुकी हैं।इस गरिमामयी अवसर पर देशभर से केवल 9 प्रतिभाओं का चयन किया गया, जिसमें झारखंड से फलक फातिमा का नाम भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस चयन प्रक्रिया में 24 राज्यों, 2 केंद्र शासित प्रदेशों और 7 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयनित प्रतिभाओं को दूसरे राष्ट्रीय सम्मान के रूप में पचास हजार रुपये की धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत और लगन का प्रतीक है, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय भी है।सम्मान प्राप्त करने के बाद फलक फातिमा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आने वाले समय में भी समाजसेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी और अधिक निष्ठा से निभाएँगी। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे समाज निर्माण और राष्ट्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएँ। पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा :फलक फातिमा की यह उपलब्धि केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि यह झारखंड और पूरे देश के लिए गर्व का क्षण भी है। युवा पीढ़ी के लिए यह एक प्रेरक उदाहरण है कि दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मैं फलक फातिमा को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे इसी प्रकार समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान को निरंतर बढ़ाती रहेंगी। माननीय ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा : समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में फलक फातिमा का योगदान अत्यंत सराहनीय है। उनकी लगन, ईमानदारी और अथक प्रयास ने उन्हें यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान दिलाया है, जो उनके कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैं फलक फातिमा को इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ।

### सिनेमाई प्रतिभा का उत्सव बना 71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह

## मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के और शाहरूख खान तथा रानी मुखर्जी को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला

एजेंसी

नई दिल्ली। आज नई दिल्ली का विज्ञान भवन भारतीय सिनेमा के उन अद्भुत कलाकारों और फिल्म निमार्ताओं की उपस्थिति का गवाह बना जिन्होंने अपनी कला से देश- दुनिया में भारतीय कहानियों को जीवंत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का वितरण न केवल एक औपचारिक समारोह था, बल्कि यह भारतीय फिल्म जगत की विविधता, प्रतिभा और उत्साह का जीवंत प्रदर्शन भी था।मंच पर जब मलयालम के सुपरस्टार मोहनलाल दिखाई दिए, तो पूरे हॉल में तालियों और जयकारों की गड़गड़ाहट गूँज उठी। दादासाहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित उनका क्षण केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि दक्षिण भारतीय सिनेमा के गौरव का प्रतीक भी था। इसके ठीक बाद जब शाहरुख खान मंच पर खंद्दल्ल के लिए बेस्ट अभिनेता का पुरस्कार लेने आए, तो दर्शक झूम उठे। शाहरूख खान सैकड़ों आवाजों का यह संगम समारोह के उत्साह को और बढ़ा रहा था। रानी मुखर्जी, विक्रांत मैसी, सुदीप्त सेन, करण जौहर जैसे अन्य विजेताओं के स्वागत में भी दर्शकों का उत्साह कम नहीं था। केवल बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय फिल्में—भव्य तेलुगू, संवेदनशील तमिल, नवोन्मेषी कन्नड़ और गुजराती सिनेमा—भी आज मंच पर सम्मानित हुए।



# त्योहार पर झारखंड के बाजारों में होगी धनवर्षा, पिछले साल की तुलना में 40 फीसदी अधिक कारोबार होने के आसार

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** जीएसटी बदलाव से बाजारों में लौटी रौनक ने अभी से संकेत देना शुरू कर दिए हैं. ग्राहकों के मूड से व्यापारी उत्साहित हैं और अभी से बड़ी-बड़ी कंपनियों को समय पर ऑर्डर सप्लाई करने के लिए बुक किए जा रहे हैं. फेस्टिव सीजन के साथ-साथ जीएसटी में हुए बदलाव से व्यापारियों का मानना है कि पिछले साल की तुलना में करीब 40% अधिक का कारोबार होगा. एफएमसीजी प्रोडक्ट से लेकर गाड़ियों और दुपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी आना शुरू हो गई है.

### इस साल 40% अधिक का कारोबार होने की उम्मीद

सरार्फा बाजार के साथ-साथ कपड़ा व्यवसाय हालांकि अन्य सेक्टर की तूलना में अभी मंद है. अभी गृह निर्माण की जरूरत की चीजें खासकर सिमेंट, छड़ एवं अन्य सामान के दाम जीएसटी दर में हुए बदलाव की वजह से हुई कमी के कारण रियल सेक्टर में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है. चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष और व्यवसायी दीनदयाल वर्णवाल कहते हैं कि झारखंड में पिछली बार की तुलना में इस साल 40% अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है. उन्होंने जीएसटी में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे लोगों के पैसे की बचत होगी जिससे वह अन्य सामान खरीद सकेंगे.

### झारखंड में धन वर्षा के आसार, बाजार में लौटी रौनक

पिछले कुछ दिनों से बाजार में मंदी देखी जा रही थी. लेकिन जीएसटी की दर में हुए बदलाव और फेस्टिवल की शुरूआत होते ही एक बार फिर रौनक बढ़ने लगी है. पिछले साल अकेले धनतेरस के मौके पर करीब 2000 करोड़ का राज्य में कारोबार हुआ था. इस बार उम्मीद की जा रही है कि जीएसटी बदलाव के कारण इस बार फेस्टिवल के दौरान जमकर खरीदारी होगी. जानकारों की मानें तो फेस्टिवल और लगन का कारोबार देश और राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख घटक है जिसपर सालों भर व्यवसायी कारोबार करते रहते हैं.

### कारोबार अच्छा होने की उम्मीद

दुर्गा पूजा से लेकर क्रिसमस तक इस बार अकेले झारखंड में 5-8 हजार करोड़ का कारोबार होने की संभावना है. फेस्टिव सीजन में ग्राहकों का आकर्षण टीवी, फ्रिज, कूलर और एसी जैसे उत्पाद पर सर्वाधिक रहता है. इसके साथ-साथ दुपहिया और चार पहिया वाहनों की भी जमकर बिक्री होती है. इन उत्पादों की बुकिंग अभी से शुरू हो गई है. एक प्रतिष्ठित शो रुम के मैनेजर अरविंद कहते हैं कि जीएसटी में बदलाव और दुर्गा पूजा शुरू होते ही ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है. उम्मीद है कि इस बार पिछले साल से 20 से 25% अधिक का कारोबार होगा.

### लोगों के पास पैसे की कमी है- एक प्रतिष्ठित शो रुम के मैनेजर

राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक पर पिछले 40 वर्षों से कपड़ा का व्यवसाय कर रहे अंगद राम साहू कहते हैं कि बाजार में अभी मंदी है. लगता ही नहीं है कि दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई है. जीएसटी की दर में बदलाव और त्योहार की शुरूआत होने से उम्मीद तो जरूर है कि कारोबार अच्छा होगा मगर वास्तविकता यह है कि लोगों के पास पैसे की कमी है. ऐसे में लोग वही चीज खरीदना चाहेंगे जो अत्यावश्यक है. उन्होंने कहा कि हालत यह है कि बिक्री नहीं होने की वजह से इतने दिनों में पहली बार मैंने अपने कर्मचारियों को इस महीने का वेतन अभी तक नहीं दिया है, इस उम्मीद के साथ कि दुर्गा पूजा में बिक्री होगी तो उसके बाद उन्हें वेतन दिया जाएगा. बहरहाल जीएसटी में बदलाव और त्योहार की खुशी से आनेवाले समय में कारोबार अच्छा होने की उम्मीद लगाए व्यवसायी बाजार में एक से बढ़कर एक प्रोडक्ट लाने में जुटे हैं जिससे ग्राहक आकर्षित हो सकें.

# झारखंड में मेट्रो रेल परियोजना को लेकर केंद्र सरकार का सकारात्मक रुख, मांगा कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान

रांची, संवाददाता ।



झारखंड के तीन प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो रेल परियोजना को लेकर केंद्र सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाया है. केंद्र ने राज्य सरकार से इन शहरों के लिए अद्यतन कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार कर भेजने को कहा है.

### नया कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार करने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग को शीघ्र नया कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार करने का निर्देश दिया है. विभाग की ओर से इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भी जारी कर दिया गया है.

### केंद्र सरकार की मंजूरी की उम्मीद

राज्य सरकार को उम्मीद है कि नया कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान केंद्र को सौंपने के बाद मेट्रो परियोजना की स्वीकृति और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं आगे बढ़ेंगी. यह परियोजना झारखंड के शहरी परिवहन को एक नई दिशा देगी और यातायात की समस्याओं को कम करेगी.

### कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान का महत्व

कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान मेट्रो जैसे बड़े सार्वजनिक परिवहन प्रोजेक्ट की नींव होता है. इसमें शहरों की वर्तमान और भविष्य की यातायात व्यवस्था, सड़क नेटवर्क, ट्रैफिक दबाव, सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और पर्यावरणीय प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है.

### आधुनिक शहरी परिवहन की आवश्यकता

झारखंड के शहरों में बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के कारण यातायात की समस्याएं बढ़ रही हैं. मेट्रो रेल परियोजना इस समस्या का एक स्थायी समाधान हो सकती है. इससे न केवल यातायात की समस्याएं कम होंगी, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. राज्य सरकार की कोशिश है कि आगामी डेढ़ से दो माह के भीतर नया कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान केंद्र को सौंप दिया जाए. इसके बाद मेट्रो परियोजना की स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद है.

# दुर्गा पूजा : 1881 पथ-लाइटों से जगमगाया शहर, 28 टीमों ने संभाली कमान



रांची, संवाददाता ।

**रांची।** दुर्गा पूजा जैसे भव्य अवसर पर राजधानी रांची रोशनी से दमक उठी है. नगर निगम ने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया कि इस पावन पर्व पर कोई भी गली, चौक, पंडाल या रास्ता अंधेरे में न रहे. निगम प्रशासक के निर्देश पर विद्युत शाखा की 28 स्पेशल टीमों का गठन किया गया. इन टीमों ने लगातार पूजा समितियों से संपर्क किया और खराब लाइटों को ठीक करने व नई लाइट लगाने का काम किया. इस दौरान कई इलाकों का निरीक्षण कर तुरंत मरम्मत और इंस्टॉलेशन किया गया. शहर की 172 पूजा समितियों से सीधा संवाद कर उनकी जरूरतें पूरी की गईं. जहां अंधेरा था, उन ब्लैक स्पॉट्स पर नई रोशनी लगाई गई. निगम की टीमें लगातार राउंड लेकर देख रही हैं कि कहीं भी श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो. पूजा पंडालों के साथ-साथ मुख्य चौक-चौराहों को भी विशेष रूप से सजाया और रौशन किया गया. नगर निगम का कहना है कि दुर्गा पूजा हो या आने वाले अन्य पर्व, शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और जगमगाता माहौल देना उसकी प्राथमिकता है.गर आपको कहीं भी पथ-लाइट खराब दिखे, तो तुरंत टोल-फ्री नंबर 1800-570-1235 पर संपर्क करें.

# सीयूजे में आईसीटी सक्षम शोध तकनीक पर हुआ विशेष व्याख्यान

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के शिक्षा विभाग की ओर से आईसीटी सक्षम शोध तकनीक विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू (नेपाल) के प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ दीर्घ राज जोशी ने भाग लिया और आधुनिक शोध तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की.अपने वक्तव्य में डॉ जोशी ने कहा कि शिक्षाविदों को उन्नत तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) का लाभ उठाकर प्रभावशाली अनुसंधान करना चाहिए. उन्होंने गुणात्मक शोध में एटलस और एएमओएस सॉफ्टवेयर, शोध लेखन की तकनीकें, एआई की भूमिका और स्ट्रक्चरल इक्वेशन मॉडल (रएट) जैसे उन्नत टूल्स की जानकारी दी. साथ ही शोध-पत्र प्रकाशन की प्रक्रिया और उच्च स्तरीय जर्नलों की आवश्यकताओं को भी विस्तार से समझाया. कार्यक्रम में स्कूल ऑफ एजुकेशन के डीन प्रो. तपन कुमार बसंतिया और शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो विमल किशोर की विशेष उपस्थिति रही.

प्रो. बसंतिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य सीयूजे के शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से जोड़ना और वैश्विक ज्ञान साझा करना है. इस विशेष व्याख्यान का सफल संयोजन डॉ मनोहर कुमार दास व डॉ मानवी यादव, सहायक प्राध्यापक (शिक्षा विभाग) द्वारा किया गया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 50 से अधिक शोधार्थियों और प्राध्यापकों ने भाग लेकर विचार साझा किए. प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया, जो उन्हें आईसीटी आधारित शोध, शैक्षणिक लेखन और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन मानकों की दिशा में सशक्त करेगा।

# रिम्स में एमबीबीएस-बीडीएस के नए छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आरोहण शुरू

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस-बीडीएस के नए बैच के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आरोहण का आयोजन किया गया, जो 8 अक्टूबर तक चलेगा. इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को फाउंडेशन कोर्स से संबंधित विस्तृत जानकारी देना, स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली और संस्थान के विभिन्न केंद्रों का परिचय व दौरा कराना है. ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नए छात्रों को रिम्स के शैक्षणिक वातावरण, स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली और संस्थागत गतिविधियों से परिचित कराया गया. कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के साथ भी संवाद किया गया. चरक शपथ और व्हाइट कोट सेरेमनी के साथ आरोहण का समापन होगा. मौके पर डीन प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह, अपर निदेशक श्री वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीन (छात्र कल्याण) प्रो (डॉ) शिव प्रिये, टएव कोऑर्डिनेटर प्रो (डॉ) उमा शंकर केशरी, डेंटल इंस्टिट्यूट प्रभारी प्राचार्य डॉ एम बी जयप्रकाश, सहायक डीन (छात्रा) डॉ सुनंदा शर्मा, सहायक डीन (छात्र) डॉ लखन माझी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ संकाय सदस्य मौजूद रहे.

# सीयूजे के रसायन विज्ञान विभाग में तीन रचनात्मक क्लबों का हुआ उद्घाटन

रांची, संवाददाता ।

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के रसायन विज्ञान विभाग में छात्रों की रचनात्मकता, संवाद कौशल और डिजिटल दक्षता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन नए क्लबों - रासायनिक बंधन, सोशल मीडिया क्लब और लिटरेरी क्लब का उद्घाटन किया गया. इन क्लबों का उद्घाटन विभाग के वरिष्ठतम प्रोफेसर और आईक्यूएसी निदेशक प्रो. आरकेडे ने किया. उन्होंने कहा कि इन क्लबों के माध्यम से छात्रों को अभिव्यक्ति, संप्रेषण और दस्तावेजीकरण के लिए एक प्रभावी मंच मिलेगा. यह पहल छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को उभारने का अवसर प्रदान करेगी. इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार पाढ़ी, विभाग के शिक्षकगण, छात्रगण और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे.प्रो पाढ़ी ने बताया कि रासायनिक बंधन क्लब विभागीय कार्यक्रमों के आयोजन और समन्वय का दायित्व निभाएगा. सोशल मीडिया क्लब विभाग की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रस्तुत करेगा, जिससे छात्रों को सोशल मीडिया प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी मिलेगी. लिटरेरी क्लब विभागीय शोध, लेख और गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करेगा, जिससे छात्रों के अकादमिक योगदान को संरक्षित और प्रचारित किया जा सकेगा. अपने वक्तव्यों में सभी मेंटरों ने इन क्लबों को विभाग की गतिविधियों के केंद्र में बताते हुए कहा कि यह केवल क्लब नहीं बल्कि सहयोग और सृजनात्मकता का एक सेतु है, जो विभाग को एकीकृत करने और छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में योगदान देगा।

# दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा-ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त, 1100 जवान और अफसर संभालेंगे मोर्चा

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** नवरात्र की शुरूआत हो चुकी है. पंचमी या षष्टी से मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों तक उमड़ेगी. ऐसे में भीड़ और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस विशेष रूप से अपनी तैयारी पूरी कर चुकी है. नक्सल अभियान में अपना लोहा मनवाने के बाद आईपीएस राकेश सिंह अब रांची के ट्रैफिक एसपी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी पूरी तरह से आईपीएस राकेश सिंह पर है. दुर्गा पूजा के शुरूआत से लेकर विसर्जन तक ट्रैफिक को लेकर किस तरह की तैयारी की गई है, इस पर ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह से संवाददाता प्रशांत कुमार ने विशेष बातचीत की.

### 1100 जवान और अफसर संभालेंगे मोर्चा

दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी में बने एक दर्जन से ज्यादा भव्य पूजा पंडालों तक श्रद्धालु सुगमता के साथ पहुंच सके, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है. रांची के ट्रैफिक एसपी का पदभार संभालने के बाद आईपीएस राकेश सिंह लगातार होमवर्क कर रहे हैं. ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि राजधानी में ट्रैफिक रूट पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है. ट्रैफिक एसपी ने बताया कि पूजा के दौरान 1100 जवान और 50 से ज्यादा अफसर ट्रैफिक व्यवस्था में लगाया जा रहे हैं. इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से मिलने वाले अतिरिक्त बल को भी ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी पर लगाया जाएगा.

### ड्रॉप गेट तैयार, नो एंट्री भी चिन्हित

ट्रैफिक एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान पूरे शहर में 1000 से ज्यादा ड्रॉप गेट तैयार किए जा रहे हैं. पंडालों तक पहुंचाने के लिए रास्ता सुगम रहे, इसके लिए नो एंट्री गेट भी बनाए जा रहे हैं. जहां पर ट्रैफिक के अलावा जिला बल के जवान भी तैनात रहेंगे. रूट में पार्किंग बनाया जा रहा है ताकि विषम परिस्थिति में वाहनों को या फिर इमरजेंसी में मेडिकल वाहनों को भी भीड़ से निकाला जा सके. शहर में पंडाल के आसपास कई पार्किंग स्थल भी चयनित किया गया है, वहां भी वाहनों की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की जा रही है. वैसे तो ट्रैफिक जवानों का प्रमुख काम लोगों को जाम से मुक्ति दिलवाना और सुगम यातायात की व्यवस्था करना है. लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक जवानों को दोहरी ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया गया.

# झारखंड पुलिस का नक्सल विरोधी अभियान, अब तक 1473 हथियार बरामद

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड गठन के बाद से अब तक कुल 1473 हथियार बरामद किए गए हैं. ये हथियार या तो नक्सलियों द्वारा जंगलों में छिपाकर रखे गए थे, या फिर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ों में मारे गए या गिरफ्तार हुए नक्सलियों के पास से मिले. रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने साल 2011 में सबसे ज्यादा 110 हथियार बरामद किए. वहीं, झारखंड गठन के पहले साल यानी 2000 में कोई भी हथियार बरामद नहीं किया गया था. पुलिस के अनुसार, इतने बड़े पैमाने पर हथियार जब्ती से नक्सलियों की ताकत कमजोर हुई है और उनकी गतिविधियों पर लगाम लगी है.

### साल 2025 में अब तक पुलिस के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर

झारखंड पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त अभियानों को नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता मिल रही है. 1 जनवरी से 15 सितंबर 2025 तक राज्य के विभिन्न जिलों जैसे लातेहार, चाईबासा, बोकारो, हजारीबाग, पलामू और गुमला में हुई मुठभेड़ों में कुल 29 नक्सली मारे गए हैं. मारे गए नक्सलियों में 11 इनामी नक्सली भी शामिल थे, जिन पर सरकार ने कुल 3.15 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था. इनमें दो सेंट्रल कमेटी मेंबर, प्रयाग मांझी और सहदेव सोरेन, भी शामिल हैं. इनका मारा जाना नक्सली संगठनों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है. बता दें कि केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा है.

# अबुआ अधिकार मंच ने किया रांची विवि के प्रभारी कुलपति कक्ष का घेराव

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला विक्रम कुमार यादव, विशाल कुमार यादव एबम दर्जनों छात्र छात्राओं के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष का घेराव किया, घेराव कर रहे अबुआ अधिकार मंच के सदस्य एबम छात्र छात्राओं का कहना था के कुरमाली भाषा-साहित्य में ठएळ/खफ्रæ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए छात्र-छात्राओं को राँची विश्वविद्यालय में पीएचडी पंजीकरण करवाने में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण अनेक प्रतिभाशाली छात्रों का भविष्य अंधकारमय होने की स्थिति में पहुँच गया है। अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक ने बताया कि वर्तमान में झारखंड राज्य में कुरमाली विषय के मात्र दो ही नियमित शिक्षक हैं, जिनमें से केवल एक ही शिक्षक शोध निर्देशन के योग्य हैं। उनकी शोध निर्देशन सीट पूर्णतः भर चुकी है, जिसके कारण नए शोधार्थियों का पंजीकरण रुक गया है। उन्होंने कहा कि जब से राँची विश्वविद्यालय ने कुरमाली सहित अन्य 8 भाषाओं (मुंडारी, संताली, हो, खड़िया, खोरठा, पंचपरगनिया, नागपुरी, कुड़ुख) को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में सम्मिलित कर दिया है, तब से इन भाषाओं के शोधार्थियों को मानविकी संकाय (संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, बांग्ला एवं अन्य विषयों) के शोध निदेशकों के अधीन पंजीकरण की अनुमति नहीं मिल पा रही है। जबकि पूर्व में संस्कृत एवं हिन्दी विषयों के प्राध्यापक कुरमाली शोधार्थियों का निर्देशन करते थे और छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहता था। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि पीएचडी की नियमावली (Eligibility Criteria Regulation No. 1(a) एवं 1(b)) में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में शोध निर्देशक की कमी हो तो शोधार्थी मानविकी संकाय (संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, बांग्ला, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी आदि) के प्राध्यापकों के अधीन शोध कार्य कर सकते हैं। रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष को विगत शुक्रवार को ही इस मामले से अवगत करवाया था परन्तु विश्वविद्यालय के उदासीन रवैया के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिसे विवस हो कर छात्र छात्राओं ने कुलपति का घेराव किया अभिषेक शुक्ला ने कहा कि ठएळ/खफ्रæ उत्तीर्ण छात्रों को लगभग 2 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है।

# श्री श्याम मंदिर हरमू में मां ब्रह्मचारिणी रूप का आह्वान

रांची, संवाददाता ।



**रांची।** श्री श्याम मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मां भगवती की पूजा अर्चना व दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया है। आश्विन शुक्ल पक्ष की एक से नवमी तिथि तक प्रतिदिन मंदिर के आचार्य द्वारा दुर्गा पाठ किया जाएगा तथा प्रातः कालीन एवं संध्या कालीन आरती उपस्थित भक्त जनों के साथ की जाएगी । यजमानश्री संजीत चौधरी रंजना चौधरी विधि विधान से पूजा अर्चना करवा रहे हैं। प्रथम दिन कलश स्थापना मुहूर्त प्रात 6:15 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें मंडल के श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में आचार्य संग मिलकर यजमान ने मां भगवती की आराधना कर वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ मां भगवती को विराजमान करवाया। वैदिक विधि विधान पूजन अर्चना नवग्रह षोडश मात्रिका कलश स्थापना के समस्त पूजन कार्यों के बाद संजीत चौधरी धर्मपत्नी रंजना चौधरी ने प्रातः कालीन आरती की । जिसमें मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया सदस्य श्याम सुंदर शर्मा एवं अनेक भक्त उपस्थित थे।

### 172वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 172 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। और मनोरथ जो कोई लावे सोई अमित जीवन फल पावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजेश ढांढनीया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । अरुण खुटेटा ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान राजेश ढांढनीया निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अरुण खूंटेटा सुनील मोदी हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।



# आलिम फाजिल अभ्यर्थियों की यथा शीघ्र हो बहाली: हिदायतुल्ला खान

# ओड़िया भाषा में नए पाठ्यक्रम को अंगीकार करने का राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने दिया निर्देश

- झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की समीक्षा बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय।



संवाददाता । रांचीरांचीः झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की समीक्षा बैठक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान की अध्यक्षता में हुई जिसमे राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम धुर्वा स्थित राज्य अल्पसंख्यक आयोग कार्यालय में उपस्थित थे। बैठक में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, अल्पसंख्यक कल्याण एवं अल्पसंख्यक वित्त निगम के पदाधिकारी शामिल हुए।

झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग को धार्मिक एवं भाषायी अल्पसंख्यक विद्यालयों के पूर्ण विवरणी के साथ आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देष दिया गया। साथ ही विभिन्न जिलों में उर्दू विद्यालयों को समान्य विद्यालय घोषित कर दिया गया जिससे उर्दू भाषी विद्यार्थियों को उर्दू पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है इसकी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निंदेष आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने दिया ।समीक्षा के क्रम में अध्यक्ष हिदयातुल्लाह खान द्वारा समीक्षा के क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा यह बताया गया कि इसकी पूर्ण विवरणी जेईपीसी से लेकर आयोग को उपलब्ध कराई जायेगी ।शिक्षा से संबंधित विषय पर समीक्षा करते हुए आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने यह जानना चाहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा उस्तानिया- फोकानिया की डिग्री देने वाले मदरसा कितने है। वर्षो से सेवानिवृत शिक्षकों का पद रिक्त एवं रिक्त पदों पर नियुक्ति कितनी की गई है इसकी विवरणी उपलब्ध कराने का निंदेष दिया गया।साथ ही अल्पसंख्यक विघालयों के विद्यार्थियों को पौषाक, मध्या- भोजन के साथ अन्य सुविधा मिलने के बाबत उपाध्यक्ष शमषेर आलम द्वारा पूछा गया जिस पर शिक्षा विभाग द्वारा जेईपीसी से विवरणी लेकर आयोग को यथा शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए आयोग केलिए निर्देशित किया। आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम द्वारा उड़िया भाषा भाषायी अल्पसंख्यक के वर्ग 9 से 12 तक भाषा साहित्य पुराना पाठ्यक्रम होने के कारण बाजार में पुस्तक उपलब्ध नहीं हो पारही है, वर्तमान में नए पाठ्यक्रम को अंगीकार करने का निंदेष दिया गया। इस बाबत शिक्षा विभाग को अग्रतर कार्रवाई करने को कहा गया। भाषायी एवं धार्मिक अल्पसंख्यक विद्यालयों को प्रमाण पत्र देने की प्रावधान के विषय में शिक्षा विभाग द्वारा यह आयोग को बताया गया कि आर्टिकल- 10 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन किया जाता है जो हमारे राज्य के पोंटल में आने के बाद संबंधित जिला को भेज दिया जाता है जिस पर पूर्ण विवरणी डालते हुए राज्य नोडल अधिकारी प्राथमिक शिक्षा निदेषक द्वारा ऑनलाइन आवेदन को एनओसी देते हुए राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थान अल्पसंख्यक आयोग को भेज दिया जाता है जिसके उपरांत अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान का दर्जा प्राप्त हो जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा आयोग को यह भी बताया कि विभिन्न शैक्षणिक संस्थान स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने हेतु मुख्य सचिव को पत्राचार किया गया है। यह भी जानकारी दी गई कि पौषाक, पोषाहार आदि का प्रावधान करने हेतु संचिका मंत्रिमण्डल को भेजी गयी है। आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान द्वारा शिक्षा विभाग से पूछा गया कि 2023 के आधार पर नियुक्त सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति होने के बावजूद विसंगति को दिखाते हुए नियुक्ति पत्र नही दिया जारहा है।जिस पर शिक्षा विभाग द्वारा यह जानकारी दी गई कि सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति विसंगति दूर करने पर कार्रवाई चल रही है ।अध्यक्ष द्वारा मदरसा बोर्ड गठन करने का विभाग से पूछा गया जिस पर विभाग द्वारा बताया गया कि जल्द से जल्द गठन हेतु विभागीय प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि आयोग के समक्ष आलिम फाजिल के अभ्यर्थियों की बहाली पर रोक लगाने की शिकायत प्राप्त हुई है जो चिंतनीय है ।इस मामले में विभाग को आयोग द्वारा निर्देशित किया गया ।

## उर्दू टेट अभ्यर्थियों की काउंसलिंग अटकी, अंतिम सूची प्रकाशन पर अवरोध, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**इस गंभीर मामले पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो होगा व्यापक आंदोलन : उर्दू शिक्षक संघ**

संवाददाता । रांची

रांची। रांची, 23 सितम्बर, 2025,झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री सहित संबंधित मंत्री एवं विभागीय पदाधिकारियों को मांग पत्र सौंपकर उर्दू टेट (6झ8) सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग और फाइनल सूची जारी करने में हो रही बाधा पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है ।संघ के महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (खररउ) ने आलिम और फाज़िल की डिग्रियों को लेकर विधि विभाग से मंतव्य मांगा था, जिस पर विधि विभाग ने इसे असंवैधानिक बताया। उन्होंने इसे न केवल ्रगलत और भ्रामक्र करार दिया, बल्कि कहा कि यह कदम अल्पसंख्यक समाज के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है ।उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 में ही झारखंड अधिविद्य परिषद (खअउ) के ज्ञापन संख्या 3233/06, दिनांक 16.09.2006 के माध्यम से आलिम एवं फाज़िल की डिग्रियों को मान्यता दी जा चुकी है। यह परीक्षाएँ झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा राज्य सरकार की देखरेख में कराई जाती हैं। इसके बावजूद सरकार के ही विधि विभाग द्वारा आपत्ति जताना विरोधाभास और दुर्भाग्यपूर्ण है।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 19.04.2023 के अपने अधिसूचना द्वारा स्नातक प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति आलिम और फाज़िल डिग्री धारी (झारखण्ड अधिविद्य परिषद से प्राप्त) अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर चुकी है।

अमीन अहमद ने कहा कि खररउ ने उर्दू टेट सफल अभ्यर्थियों की पहली बार काउंसलिंग तो कराई, लेकिन अंतिम सूची जारी करने से रोक दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ्रमौलवी परीक्षा के बाद स्नातक अनिवार्य है ।्र इस पर संघ का कहना है कि यह तर्क पूरी तरह निराधार एवं अनुचित है और 2006 की अधिसूचना का सरासर उल्लंघन करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ्रयह पूरा मामला अल्पसंख्यक समुदाय के योग्य अभ्यर्थियों को नियोजन से वंचित करने का प्रयास है, जो न्यायोचित नहीं है ।्र संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि

1. आलिम एवं फाज़िल की डिग्रियों को झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा मान्यता देने वाली 2006 की अधिसूचना का पालन कराया जाए।
2. काउंसलिंग के बाद शीघ्र फाइनल सूची प्रकाशित कर सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए ।3. विधि विभाग और खररउ द्वारा की गई असंवैधानिक व्याख्या को तत्काल वापस लिया जाए।

उक्त पुरे मामले पर संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों में एनामुल हक, शाहिद अनवर, मो० फखरुद्दीन, शहजाद अनवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद एवं केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संघ आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होगा ।ज्ञात हो कि इसके पूर्व झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 19.04.2023 के अपने अधिसूचना द्वारा स्नातक प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति आलिम और फाज़िल डिग्री धारी (झारखण्ड अधिविद्य परिषद से प्राप्त) अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर चुकी है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने विनीता सिंघानिया को चैम्बर चुनाव की जीत पर दी शुभकामनाएं एवं बधाई



संवाददाता । रांची

रांची। समर्पण शाखा की ओर से क चुनाव 2025 -2026 के परिणाम में पुर्व अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने पहली बार चुनाव लड़के 1686 वोट पाकर तीसरे स्थान पर आने के लिए बधाई दी गई। साथ ही शाखा द्वारा पुष्पगुच्छ और केक देकर आने वाले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। शाखा अध्यक्ष पुजा अग्रवाल ने कहा , इस जीत से शाखा का नाम रौशन हुआ है, शाखा ने विनीता को और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी , कहा , यह पल समर्पण शाखा के लिए गौरव का पल हैं ।इस मौके पर अध्यक्ष। पूजा अग्रवाल , संस्थापिका अध्यक्षा सुमित' लाठ , पूर्व अध्यक्ष विनीता विहानी , मीनू अग्रवाल , शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार , वेदिका सिंघानिया और हेमा पोद्दार उपस्थित थी ।पहली बार चुनाव लड़के 1686 वोट पाकर तीसरे स्थान पर आने के लिए बधाई दी गई। साथ ही शाखा द्वारा पुष्पगुच्छ और केक देकर आने वाले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी

## चैंबर के सत्र 2025-26 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गठन



संवाददाता । रांची

रांची ।फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के सत्र 2025-26 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक आज चैंबर भवन में चुनाव पदाधिकारी बिकास सिंह और पवन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चुनाव पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी और वर्षभर राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स के हित में कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया ।बैठक के दौरान झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वर्तमान कार्यकाल के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभा में सर्वसम्मति से आदित्य मल्होत्रा को चैंबर अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। प्रवीण लोहिया और राम बांगड़ को उपाध्यक्ष, रोहित अग्रवाल को महासचिव, नवजोत अलंग और रोहित पोद्दार को सह सचिव और अनिल अग्रवाल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चयनित किया गया ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने चैंबर चुनाव के दौरान राज्य के व्यापार और उद्योग जगत की ओर से मिले सहयोग और समर्थन के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया और चैंबर को और अधिक मजबूती देने के प्रयास में व्यापारियों और उद्यमियों से अपेक्षित सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सदस्यों के भरोसे के अनुरूप मैं और हमारी पूरी कार्यसमिति के सदस्य 24 घंटे उपलब्ध हैं, व्यापारी चैंबर के सदस्य हों या नहीं, निःसंकोच हमसे अपनी समस्याएं साझा करें। पिछले कार्यकाल में चैंबर द्वारा किये गये सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने में वर्तमान टीम अपनी साकारात्मक भूमिका निभाएगी और हम चैंबर को और अधिक मजबूती देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो, मंडी टैक्स कानून स्थाई रूप से समाप्त हो, राज्य की बाजार मंडियां आदर्श मंडी के रूप में विकसित हों, रिवाइज्ड मास्टर प्लान का क्रियान्वयन हो, महिला उद्यमिता को बढावा मिले, राज्य में बंद पडी खदानें चालू हों, नये निवेश स्थापित हों इसका हम भरपूर प्रयास करेंगे। देश के पूर्वी क्षेत्र में चैंबर्स के बीच हमारे फेडरेशन का प्रभाव बढ़ाने की पहल के साथ ही जिला और प्रखंड स्तर तक फेडरेशन की मजबूती के लिए वर्षभर राज्य के जिलों का दौरा मेरी विशेष प्राथमिकता है।

## पिछले दरवाजे से अड़ंगा डाल कर युवाओं को गुमराह करने की भाजपा की साजिश बेनकाब हो चुकी है : विनोद पांडेय

संवाददाता । रांची



रांची। भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों का पलटवार करते हुए झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा रोजगार जैसे गंभीर मुद्दे पर भी भ्रामक आंकड़े और झूठ परोस कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। वास्तविकता यह है कि हेमंत सोरेन सरकार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। भाजपा को कम से कम रोजगार के मुद्दे पर कुछ भी कहने का नैतिक हक नहीं है। भाजपा नेताओं को दो करोड़ नौकरी के वादे का हिसाब पहले देना चाहिए। केंद्र की सत्ता में भाजपा 11 साल से बैठी है, लेकिन जुमले के अलावा युवाओं को कुछ भी नहीं दिया है। दूसरी ओर हेमंत सरकार लगातार नौकरियां बांट रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य में बेरोजगारी और नियुक्तियों की सबसे खराब स्थिति उन्हीं के शासनकाल में बनी थी। रघुवर सरकार ने पांच वर्षों में नियुक्तियों के नाम पर केवल परीक्षाओं को लटकाने और युवाओं को भटकाने का काम किया। भाजपा बताए कि उसने अपने शासनकाल में कितने युवाओं को नौकरी दी? भाजपा को युवाओं के आंसुओं का हिसाब जनता को देना चाहिए ।झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट-2 में महज नौ महीने का समय हुआ है, इस दौरान भाजपा द्वारा पैदा की गई कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी बाधाओं को दूर करके सरकार काफी आगे बढ़ चुकी है। जेपीएससी की कई परीक्षाओं को लेकर जो विवाद और कोर्ट केस भाजपा सरकार की देन है, उसी का समाधान निकालकर नियुक्तियों का मार्ग प्रशस्त किया गया है। हजारों पदों पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और आने वाले महीनों में नियुक्तियों की गति और तेज होगी। जेपीएससी, जेएसएससी के माध्यम से लगातार नियुक्तियां हो रही है। कुछ दिन पहले ही माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपा। चिकित्सकों को जल्द नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने स्वयं कहा है कि नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा। पिछली सरकार में भी हर महीने नियुक्तियां हुई और वह भी बिल्कुल पारदर्शी तरीके से। सरकार के प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है और यही भाजपा की बेचैनी का करना बन गया है। विनोद पांडेय ने कहा कि सरकार सिर्फ नौकरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देकर लाखों युवाओं के लिए अवसर सृजित कर रही है। झारखंड कौशल मिशन, स्टार्टअप पॉलिसी और विभिन्न योजनाओं के जरिए हजारों युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण और उद्यमिता से जोड़ा गया है।

## पंजाब बाढ़ प्रभावित इलाकों में जमीअत उलमा-ए-हिन्द की ओर से तीस ट्रक राहत सामग्री रवाना

संवाददाता । रांची

जब हम सफेद और काली धारियों वाला झंडा देखते हैं तो समझ जाते हैं कि यह काफि ला हमारी मदद के लिए आया है्र झ सिख भाइयों ने जमीअत के मानवता प्रेम की सराहना कीनई दिल्ली, 23 सितम्बर 2025 जमीअत उलमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष मौलाना महमूद असअद मदनी की हिदायत पर आज लुधियाना स्थित जमीअत रिलीफ सेंटर से लगभग पचास लाख रुपये मूल्य की राहत सामग्री से भरे तीस ट्रकों का काफि ला पंजाब के बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लिए रवाना किया गया ।इस काफि ले का नेतृत्व जमीअत उलमा हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के नाज़िम-ए-आला मौलाना मोहम्मद यहया करीमी ने किया। यह काफि ला सुल्तानपुर लोधी, कपूरथला, अज्नाला, तरनतारण, फाज़िलका, गुरदासपुर, फिरोजपुर, लुधियाना और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना हुआ। रवाना होने के मौके पर जमीअत के केंद्रीय और स्थानीय जिम्मेदारों के साथ पंजाब सरकार के मंत्री, सामाजिक व राजनीतिक हस्तियां और बड़ी संख्या में सिख भाई मौजूद थे। स्थानीय सिख समुदाय ने जमीअत उलमा-ए-हिन्द की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा, ्रजब हम सफेद और काली धारियों वाला झंडा देखते हैं तो समझ जाते हैं कि यह काफि ला हमारी मदद और दोस्ती के लिए आया है ।इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद यहया करीमी ने जमीअत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी का संदेश पढ़कर सुनाया। मौलाना मदनी ने अपने संदेश में कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिन्द बिना किसी भेदभाव के इंसानियत की सेवा को अपना कर्तव्य मानती है। सारी दुनिया अल्लाह का परिवार है और अल्लाह के नजदीक वही सबसे बेहतर इंसान है जो उसके परिवार से मुहब्बत करता है। हम अपने सिख भाइयों के साथ इस कठिन घड़ी में खड़े हैं। असली मदद करने वाला तो हमारा मालिक है, हम तो बस उसके बंदे हैं। और यह सब केवल अल्लाह की खुशनूदी के लिए किया गया। सिख भाई पूरी दुनिया में इंसानियत की सेवा के लिए मशहूर हैं और जो दूसरों की मदद करता है अल्लाह भी उसकी मदद के लिए अपने नेक बंदों को भेजता है।



मौलाना यहया करीमी ने जानकारी दी कि जमीअत उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना मोहम्मद हकीमुद्दीन कासमी की निगरानी में मेवात की पूरी टीम, मुफ्ती मोहम्मद सलीम , मुफ्ती आरिफ (लुधियाना), हाजी नौशाद आलम लुधियाना जमीअत यूथ क्लब के कार्यकर्ता और जमीअत के पश्चिमी यूपी व गुजरात के जिम्मेदार पहले से ही प्रभावित इलाकों में दिन-रात राहत और पुनर्वास कार्यों में लगे हुए हैं, और यह टीम जरूरत पूरी होने तक मैदान में रहेगी ।काफि ले की रवानगी के मैके पर मौजूद प्रमुख हस्तियों में मौलाना मोहम्मद यहया करीमी, मास्टर मोहम्मद कासिम, कारी मोहम्मद असलम, मुफ्ती सलीम, हाजी नौशाद आलम लुधियाना, हाजी मोहम्मद फुरकान लुधियाना गियानी कीवल सिंह (पूर्व जत्थेदार तख़्त श्री दमदमा साहिब, करमजीत सिंह सरपंच खांसी कलां, अजीत सिंह सरपंच खांसी खुर्द, पंजाब सरकार के मंत्री हरदीप सिंह मंडिया, मौलाना अलाउद्दीन (हापुड़), मुफ्ती अरशद मीर (गुजरात), मौलाना नूरुलबशर, मास्टर अरशद (मुजफ्फरनगर), मास्टर जमील,

# ब्रीफ न्यूज

## राजधानी रांची में बाघ की एंट्री, कटहल मोड़ इलाके में घर के अंदर घूमता दिखा

संवाददाता । रांची

रांची ।रांची : राजधानी रांची के कटहल मोड़ इलाके में सोमवार देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक बाघ को एक घर के अंदर घूमते हुए देखा गया। यह पूरा वाकया घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया ।फुटेज में साफ दिख रहा है कि बाघ गली से गुजरते हुए एक घर के आंगन में दाखिल होता है और फिर तेजी से दूसरी गली की ओर निकल जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि घटना के दौरान घर के किसी भी सदस्य को इसकी भनक तक नहीं लगी ।जब घर के मालिक ने सुबह सीसीटीवी फुटेज देखा, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इस घटना की जानकारी वन विभाग और स्थानीय पुलिस को दी ।सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। पुलिस ने इलाके के लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और खासकर रात में घर से बाहर निकलने से बचें। वहीं, वन विभाग ने बाघ की खोजबीन और पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है ।फिलहाल, इलाके के लोग दहशत में हैं और प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## गढ़वा के ज्वेलर्स दुकान में थी डकैती की योजना, पुलिस ने 8 अपराधी को दबोचा

संवाददाता ।



रांची। गढ़वा : झारखंड-बिहार के दुर्दांत अपराधी धीरज मिश्रा गिरोह के 8 अपराधियों को गढ़वा पुलिस ने फिल्मी अंदाज में पकड़ा है। यह अपराधी दुर्गा पूजा के दौरान गढ़वा के बड़े ज्वेलर्स दुकान रूप अलंकार में डकैती करने की योजना से जा रहे थे। गढ़वा एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना पर डकैती से पूर्व अपराधियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में आनंद कुमार रवि, अनुराग कुमार, दीपक कुमार मांझी उर्फ दीपक कुमार पासवान, सरोज कुमार, बबी कुमार राम, राजा कुमार, अजीत कुमार उर्फ छोटू और रितिक नौरंग शामिल है। इनलोगों के पास से पुलिस ने देशी कट्टा, जिन्दा गोली, चाकू, तीन मोटरसाईकिल तथा नगद सामान बरामद किया है। उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि समय रहते गढ़वा पुलिस ने इन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, नहीं तो शहर में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे थे ।धीरज मिश्रा गिरोह से तालुकात है सभी अपराधियों काअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि पकड़े गए सभी अपराधी झारखंड-बिहार का दुर्दांत अपराधी धीरज मिश्रा गिरोह से तालुकात रखता है। धीरज मिश्रा एक संगठित गिरोह चलाता है। इस गिरोह के निशाने पर शहर के चर्चित ज्वेलर्स दुकान और बैंक रहता है। धीरज बिहार के बक्सर का रहने वाला है। हालांकि, पुलिस को चकमा देकर धीरज मिश्रा अपने तीन साथियों के साथ भागने में सफल रहा है।

## प्रधानमंत्री उज्जवल योजना देश के गरीब माता बहनों के लिए सिर्फ लॉलीपॉप_राजद

संवाददाता । रांची



रांचीः आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवल योजना के तहत सब्सिडी द्वारा घरेलू गैस उपलब्ध कराने पर राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज से 11 साल पहले चाहे वह गरीब हो मध्यम वर्गीय हो या अमीर हो सभी के लिए राजद समर्थित कांग्रेस की सरकार में चार सौ पचास रुपया में घरेलू गैस मिलता था ,आज गैस का कीमत लगभग ?1100 है भाजपा के लोगों को बताना चाहिए , उज्जवल योजना के तहत ?300 सब्सिडी देकर देश के गरीब माताएं बहनों के साथ मजाक नहीं तो आप क्या कर रहे हैं। पहले वह हमारी सभीबहनें माताएं? को चार सौ पचास रुपए में गैस लेती थीं ।आज उनको सब्सिडी छोड़कर ?700 में गैस लेना पड़ेगा वह भी साल में सिर्फ नौ बार। भारतीय जनता पार्टी के लोगों को देश की जनता को बताना चाहिए कि आप किस तरह के कल्याणकारी योजना ला रहे हैं जिससे जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है। पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कथनी और करनी को देश की जनता पुरी तरह से समझ चुकी है। 11 साल पहले जिस चीज में टैक्स नहीं लगता था उनको केंद्र सरकार द्वारा टैक्स के दायरे में लाकर आम जनता का खून चूसा और जब जनता इनके चाल चरित्र को समझ चुकी , तो जीएसटी के तहत वैसे चीजों क दाम काम किए जिससे गरीबों का कोई भला नहीं होने वाला है । आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय आपको देश की जनता का चिंता नहीं है ,आप को बिहार के चुनाव की चिंता सता रही है। आप सच में जनता का भला चाहते हैं तो पेट्रोल , डीजल, घरेलू गैस, स्वास्थ्य संबंधित ऑक्सीजन के दर को कम करें। तभी देश की जनता का कल्याण होगा ।

## समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट ने बिरसा उच्च विद्यालय में किया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन।



संवाददाता । रांची

रांचीः आज दिनांक 23 09 2025 दिन मंगलवार को सामाजिक संस्था समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट कि ओर से नवरात्र के पावन अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आज बिरसा उच्च विद्यालय कांके में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 06 से कक्षा 10 से सैकड़ों बालिकाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा से कई मनमोहक चित्र बनाकर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर स्कूल कि प्राचार्या सुषमा तिवारी, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेविका पिया बर्मन, नटराज योग संस्थान के संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई आजीविका संवर्धन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**जमशेदपुर, संवाददाता**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आजीविका संवर्धन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों में महिला स्वयं सहायता समूहों एवं किसानों द्वारा संचालित प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आगे के लिए ठोस दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी से चल रहे प्रोजेक्ट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि इन योजनाओं के माध्यम से परिवारों की आय में वृद्धि हो और महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। वहीं समीक्षा के क्रम में बोड़ाम हनी प्रोजेक्ट को लेकर बताया गया कि 27 दीदियों को मधुमक्खी पालन की ट्रेनिंग दी गई है। उद्यान विभाग द्वारा 'बी बॉक्स' उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल प्रतिदिन 20-25 लीटर हनी का प्रसंस्करण हो रहा है। उपायुक्त ने उत्पादन और विपणन क्षमता बढ़ाने के लिए ठोस योजना बनाने का निर्देश भी दिया। जबकि डुमरिया के माइक्रो इकोनॉमिक जोन में सीएम स्मार्ट योजना के तहत क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं पर संवेदक की शिथिलता को लेकर उपायुक्त ने अप्रसन्नता भी जताई। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि कार्य करने में रूचि नहीं दिखाने वाले संवेदक को हटायें। परियोजना में अनावश्यक विलंब से स्थानीय लोगों के हितों का नुकसान नहीं होनी चाहिए। गुड़ाबांदा बकरी पालन प्रोजेक्ट में लाभुकों ने बताया कि शेड निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रशासन की ओर से महिलाओं अन्य आवश्यक सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया गया। इसी तरह डुमरिया के लखाईडीह में सरसो तेल प्रोसेसिंग सेंटर स्थापना को लेकर मशीनों की खरीद का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उपकरण बिजली के साथ-साथ सौर ऊर्जा से भी संचालित हों। ताकि किसानों, स्थानीय लोगों को पूरे वर्ष आय सृजन का स्रोत मिल सके। वहीं मानुषमुड़िया में बंबू प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा भी की गई। शुरूआत में छोटे लागत एवं दैनिक उपयोग में आने वाले वस्तुओं के निर्माण पर फोकस करने का निर्णय लिया गया तथा बाद में इसके विस्तार की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड की महिलाओं द्वारा मशरूम उत्पादन के कार्यों की समीक्षा में जगह उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया। बहरागोड़ा में काजू प्रोसेसिंग यूनिट को लेकर एफपीओ सदस्यों को क्योंझर में काजू प्रोसेसिंग प्लांट का एक्सपोजर विजिट कराने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा मुसाबनी प्रखंड में सिल्क प्रोजेक्ट और डोकरा आर्ट, धालभूमगढ़ के पैटकर पेंटिंग, पोटका में पॉटरी प्रोजेक्ट, घाटशिला में वुड कार्विंग प्रोजेक्ट आदि पर भी विमर्श किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। ताकि आजीविका से जुड़े कार्यों का लाभ जल्द से जल्द ग्रामीणों और महिलाओं को मिल सके। बैठक में जिला स्तर के विभागीय पदाधिकारी एवं संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला पर्यटन विकास एवं खेल विकास की समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों से कहा

**रामगढ़, संवाददाता**



मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिले में पर्यटन विकास एवं जिला खेल कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी श्री संजीत कुमार ने उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला खेल कार्यालय की पूर्व की बैठक में दिए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्तर से जिला एवं प्रखंड स्तर पर इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम निर्माण किए जाने की जानकारी सभी को दी जिस पर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों से समन्वय कर जल्द से जल्द भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की एवं उन्हें जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेमरा सहित अलग-अलग स्थलों पर ट्रेकिंग साइट, इको टूरिज्म साइट चिन्हित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जिला व प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम निर्मित करने, सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अखरा निर्माण करने को लेकर भी चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रामगढ़ श्री आशिष अग्रवाल, गोपनीय प्रभारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# दो दिवसीय प्रतियोगिता में झारखण्ड पेंचक सिलाट टीम भाग लेने के लिए कोपल कर्नाटका के लिए हुए रवाना



**एग्यारकुड, संवाददाता**

जूनियर प्रतियोगिता को लेकर मंगलवार को झारखण्ड पेंचक सिलाट टीम हुऐ रवाना। बता दे कि 13वीं सिंगा, मका, प्री टीन, सब जूनियर और जूनियर प्रतियोगिता, 26 और 28 सितंबर 2025 तक दो दिवसीय कोपल कर्नाटका में होने जा रहा है। उस प्रतियोगिता में झारखण्ड पेंचक सिलाट टीम भाग लेने के लिए मंगलवार को हटिया स्टेशन से खिलाड़ी और ऑफिशियल रवाना हुए। इस टीम में झारखण्ड पेंचक सिलाट संघ की सचिव मिस डौली सिंह रेफरी, शबनम मिंज महिला कोच, सूरज कुमार पुरुष कोच के रूप में रवाना हुए। झारखण्ड पेंचक सिलाट टीम को रवाना करते समय झारखण्ड पेंचक सिलाट संघ के अध्यक्ष किशोर मंत्री, चेयरमैन एवं चीफ टेक्निकल डायरेक्टर विजय कुमार लिम्बु साथ ही साथ अस्मिता पेंचक सिलाट लीग के ऑर्गनाइजिंग अध्यक्ष शिफू बिस्वजीत कर्मकार, दीपा कुमारी, आनंद राणा, अमरजीत प्रसाद, संदीप लाल, कुमकुम विश्वकर्मा, टीम को शुभकामनाएं दीं और झारखण्ड पेंचक सिलाट टीम को हटिया स्टेशन से रवाना किया।

**झारखंड राज्य के अगुआ विनोद बिहारी महतो की जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन**

# विनोद बिहारी महतो का आदर्श और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे : विधायक

**धनबाद, संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड आंदोलन के नायक विनोद बिहारी महतो की 102वी जयंती के अवसर पर झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा एवम नावाडीह, बिनोद चौक स्थित प्रतिमा पर पार्टी पदाधिकारीयों एवम कार्यकताओं के साथ पहुंचकर,माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने विनोद बिहारी महतो के योगदान और उनके आदर्शों को याद किया। विनोद बिहारी चौक नावाडीह में माल्यार्पण : विधायक राज सिन्हा ने विनोद बिहारी चौक नावाडीह में भी माल्यार्पण किया और विनोद बिहारी महतो के कार्यों को याद करते हुए कहा कि, झारखंड आंदोलन के नायक : विनोद बिहारी महतो झारखंड आंदोलन के एक प्रमुख नेता थे और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। विनोद बिहारी महतो झारखंड आंदोलन के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने झारखंड के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा ने उनके आदर्शों और कार्यों को याद किया और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि हमें उम्मीद है कि उनके आदर्श और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पे भाजपा धनबाद महानगर जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष ड़ालूराम महतो, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, पूर्व महामन्त्री रवि सिन्हा, निर्मल प्रधान, टुन्ना सिंह, मदन तिवारी, उमेश सिंह, मनोज रिंकू, मनीष पांडे, अजय मालाकार सहित कई अन्य लोग थे.

# सयाल में सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ किया सड़क जाम

**रामगढ़, संवाददाता**

ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती सयाल मुख्य मार्ग पर मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। सयाल कांटा घर के पास महिंद्रा कैंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार सपन बाउरी (44 वर्ष), पिता हरि बाउरी, की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर घंटों जाम कर दिया।ग्रामीण मुआवजा व आश्रित को नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। जानकारी के अनुसार सौंदा बस्ती टिपला निवासी सपन बाउरी स्कूटी नंबर जेएच 24 के 8840 से किसी के दाह संस्कार में शामिल होने सयाल जा रहे थे। तभी तेज गति से आ रही माइनिंग कंपनी का महिंद्रा कैंपर नंबर डब्लूबी 17 बी 2538 स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो उठे और सड़क जाम कर दिया। इस बीच घटनास्थल पर पहुंचे कंपनी के अधिकारी सर्वेश सिंह के साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। स्थिति बिगड़ते देख भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और किसी तरह अधिकारी को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कंपनी और प्रशासन के वरीय अधिकारी पहुंचकर मृतक परिवार को मुआवजा एवं आश्रित को नौकरी देने की घोषणा नहीं करते तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर गहमागहमी और तनाव का माहौल बरकरार था। जबकि भुरकुंडा पुलिस माहौल को शांत करने में जुटी थी।

# अधिकारियों ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**धनबाद, संवाददाता**



बाघमारा के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण बाघमारा सीओ गिरजा नंद किस्कू, सहायक नगर आयुक्त सिखा कुमारी, नगर प्रबंधक साबिर आलम एवं निगम कर्मचारी प्रदीप कुमार ने किया। धनबाद जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार अधिकारियों ने पंडालों में पूजा की व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा और ट्रैफिक स्थिति का जायजा लिया। निर्देश दिया गया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांति व्यवस्था बनाये रखें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे, अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। मनचलों और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की नजर बनी रहेगी। किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री या स्थिति देखें तो अविलंब प्रशासन को सूचना दें। सभी अधिकारियों ने कतरास के विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण करने के साथ ही श्री श्री दुर्गा पूजा समिति जीएनएम कतरास बाजार का भी निरीक्षण किया। सीओ गिरजा नंद किस्कू ने बताया कि सभी पूजा पंडालों का तीन चरणों में मूल्यांकन किया जाएगा। दुबारा 26 सितंबर को निरीक्षण किया जाएगा ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। वहीं सहायक नगर आयुक्त सिखा कुमारी ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर पंडालों की सभी कमियों को समय रहते दूर कर दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

पूजा पंडाल निरीक्षण के दौरान समिति की ओर से अध्यक्ष शंकर जयसवाल, सचिव मुकेश भट्ट, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया सहित संटू लाला, ईश्वर लाल शर्मा, रामजी हजारी, गणेश मोदक, कौशल प्रमाणिक, रूपेश सिंह, गणेश मोदक, टिंकू खंडेलवाल, अर्जुन महतो, पीयूष प्रमाणिक, रोहित दे और राजेंद्र ठाकुर मौजूद थे।

# विधायक संजीव सरदार के प्रयास से जादूगोड़ा विद्यालय का होगा नवीनीकरण

**1 करोड़ की लागत से 11 क्लास रूम और जी +1 भवन का होगा निर्माण**

**जमशेदपुर, संवाददाता**



पोटका प्रखंड अंतर्गत प्लस-2 उच्च विद्यालय जादूगोड़ा में मंगलवार नए भवन निर्माण कार्य की नींव रखी गई। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत बनने वाले इस भवन में 11 क्लास रूम और जी+1 (डबल फ्लोर) की व्यवस्था होगी। लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस भवन का शिलान्यास विधायक संजीव सरदार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल एक इमारत की नींव नहीं है। बल्कि हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा धन है। जो हमें सही और गलत का फर्क सिखाती है। सशक्त बनाती है। इस नए स्कूल के बनने से गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और वे भी शहर के बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकेंगे। आगे उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति ने विद्यालय में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान दिलाया है। जिसपर जल्द ही पहल कर टीचरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ताकि बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से चल सके। मौके पर झामुमो पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, उपाध्यक्ष हितेश भगत, सचिव भुवनेश्वर सरदार, भुगलू टुडू समेत बड़ी संख्या में छात्र और ग्रामीण भी मौजूद थे।

# पंचायत स्तरीय शिविर आयोजित, योजना का लाभ देने के लिए आमजनों के आवेदन प्राप्त किये गये

**कोडरमा, संवाददाता**



योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करने, ग्राम सभा स्तर पर योजनाओं का चयन करने एवं स्वीकृत योजनाओं का वितरण लाभुकों के बीच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जयनगर प्रखंड के योगियाटिल्हा, तिलोकरी खरियोडीह एवं सतडीहा और सतगांवा प्रखंड के ईटाय, समलडीह, अम्वाबाद, टेहरो एवं कोटियार पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों मे प्रखंड विकास पदाधिकारी हुए और आमजनों से अपील करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजनों से विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए, ताकि उन्हें सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया जा सके। शिविर के माध्यम से आमजनों का आवेदन प्राप्त किये गये ताकि उन्हें योजना से लाभान्वित किया जा सके। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा जॉब कार्ड का वितरण, धोती-साड़ी योजना के अंतर्गत वस्त्र वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत विकलांग एवं वृद्धजन को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभुकों के घर जाकर आवास योजना का गृहप्रवेश कराया गया। इसके अतिरिक्त गभर्वती महिला की गोदभराई कराया गया। साथ ही ग्रामीण का हेल्थ चेकअप का किया गया। कई लोगों के आधार कार्ड बनाए गए या अपडेट किए गए।

**आगामी शिविर आयोजन की जानकारी**

दिनांक 24.09.2025 को निम्नलिखित पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सतगांवा प्रखंडः- कटैया, मीरगंज, माधोपुर, शिवपुर एवं खुटटा चंदवारा प्रखंडः- आरागारो, थाम, भोण्डो, बेन्दी एवं खाडी इन शिविरों में भी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त करने, पात्र लाभुकों का चयन करने एवं योजनाओं का वितरण किया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

# चारधाम परिसर में शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन



**पलामू, संवाददाता**

शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा को लेकर हुसैनाबाद में सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा चारधाम मंदिर दुर्गा पूजा समिति, कुर्मिटोला दुर्गा पूजा समिति समेत विभिन्न पूजा समितियों द्वारा निकाली गई। चारधाम मंदिर दुर्गा पूजा समिति की कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए जपला धरहरा स्थित जमुहारी माई छठ घाट के उत्तर कोयल नहर पहुंचा। यहां पंडित द्रोणाचार्य तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में जलभरी की प्रक्रिया पूर्ण किया। जबकि कुर्मिटोला दुर्गा पूजा समिति का कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए देवरी स्थित सोन नदी तट पहुंचा। यहां महिला पुरुष भक्तों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जलभरी की प्रक्रिया पूर्ण किया। पुनः यात्रा पूजा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौके पर चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता शिवपूजन प्रसाद गुप्ता अयोध्या प्रसाद गुप्ता कुंडल साव कमलेश साव विनोद कुमार चौधरी मुकेश कुमार चौधरी दिनेश कुमार गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद में मनाया गया 84वां सीएसआईआर स्थापना दिवस

**धनबाद, संवाददाता**



**धनबाद :** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की 84वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सीएसआईआर - केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (CIMFR), धनबाद में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर 1942 में उरक्फ़ की स्थापना से लेकर अब तक की वैज्ञानिक उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में सीएसआईआर की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे यह संस्था ब्रिटिश काल में स्थापित होकर भारत को एक वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने में सहायक रही है। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर की उपलब्धियाँ जीवन के हर क्षेत्र -जल, वायु, भूमि, और पृथ्वी के केंद्र तक — में फैली हुई हैं। प्रो. मिश्रा ने सीआईएमएफआर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे खानों का बंदीकरण, पर्यावरणीय स्थिरता, भारतीय सेना, डीआरडीओ, और हवाई अड्डों को दी जा रही तकनीकी सहायता का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान खनन क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी वैज्ञानिक समाधान के माध्यम से राष्ट्रीय समस्याओं को सुलझाने हेतु समर्पित रहेगा।

विशिष्ट अतिथि श्री सुब्रमणियन राजगोपालन, पूर्व महानिदेशक, डीजीएमएस, ने सीएसआईआर को आठ दशकों से अधिक की प्रभावशाली सेवा के लिए बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर बोलने का मौका देने के लिए सीएसआईआर-सीआईएमएफआर का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह संस्था स्वतंत्रता से पूर्व की कुछ चुनिंदा वैज्ञानिक संस्थानों में से एक है, जो समय के साथ और सशक्त हुई है। उन्होंने भारत की कोविड-19 महामारी के दौरान दिखाई गई आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा ही विकसित भारत के निर्माण की नींव है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए भारत की रणनीतिक और वैज्ञानिक क्षमताओं को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने जापान के खनन प्रणाली का उदाहरण देते हुए भारत में डिजिटल माइनिंग और खनन सुरक्षा हेतु आईटी आधारित समाधान अपनाने पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि सीएसआईआर-सीआईएमएफआर इस क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर सकता है और अमृत काल के दौरान भारत की वैज्ञानिक प्रगति को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ने में भूमिका निभा सकता है।

प्रो. डी.डी. मिश्रा, अध्यक्ष, अनुसंधान परिषद, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने सीएसआईआर की स्थापना के प्रारंभिक दौर की चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ब्रिटिश शासनकाल में वैज्ञानिक संस्थाओं की स्थापना, भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक कदम था। उन्होंने खनन अनुसंधान के बदलते स्वरूप, प्रशासनिक चुनौतियों और भारतीय समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि श्री महेंद्र कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर, ने सीएसआईआर में आईटी-सक्षम अनुसंधान एवं विकास प्रशासन की दृष्टि विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। अपने पहले सीआईएमएफआर दौरे पर उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए इसे उद्योग और समाज दोनों के लिए एक महत्त्वपूर्ण सहयोगी बताया। श्री गुप्ता ने पारंपरिक प्रशासनिक प्रक्रियाओं में आने वाली बाधाओं जैसे कि कागजी कार्यवाही, जटिल अनुमोदन प्रक्रियाएँ और वास्तविक समय में जानकारी की कमी को रेखांकित किया। उन्होंने एक आधुनिक, पेपरलेस और आईटी-सक्षम प्रशासनिक प्रणाली की आवश्यकता बताई, जो पारदर्शिता बढ़ाए, निर्णयों को डेटा आधारित बनाए और सीएसआईआर को डिजिटल युग में और अधिक कुशल बनाए। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और सीआईएमएफआर कर्मचारियों के बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। डॉ. पी.के. बनर्जी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समापन में वृक्षारोपण का आयोजन हुआ, जो पर्यावरणीय संरक्षण और सतत विकास के प्रति सीएसआईआर की प्रतिबद्धता का प्रतीक था।

